हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 9 मार्च, 2017/ 18 फाल्गुन, 1938 (शक्)

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री**].

कुल प्रश्न - 8

पानी के बिलों में वृद्धि

1602 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) गत चार वर्षों में प्रदेश के सभी नगरों तथा नगर पंचायतों के उपभोक्ताओं द्वारा देय पानी के बिलों में कितनी बार वृद्धि की गई और वर्ष 2012 में इसकी क्या दर थी; ब्यौरा दें;

(ख) शिमला नगर और दूसरे नगरों में वृद्धि की दर क्या भिन्न-भिन्न है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा सीवरेज कनेक्शन के उपभोक्ताओं से विभिन्न स्थानों में किस-किस दर से धनराशि ली जाती है; ब्यौरा दें; और

(ग) जिनके कनेक्शन के साथ मीटर नहीं लगे हैं उन्हें किस दर से बिल दिए जाते हैं और उसमें भी क्या वृद्धि की गई है; ब्यौरा दें?

तबादले की स्वीकृति

1603 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि स्वास्थ्य उप-केन्द्र गज मोड़ रतोचा के भवन निर्माण हेतु दान की गई भूमि का निजी भूमि के साथ तबादले का केस सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर जनहित में सरकार को भेजा गया है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा कब तक तबादले की स्वीकृति दी जाएगी ?

विधायक प्राथमिकता

1604 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत तीन वर्षों में कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की विधायक प्राथमिकता की योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

सी0ए0 स्टोरज़

1605 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि HPMC द्वारा प्रस्तावित केन्द्र के अधीन एपिडा (APEDA) द्वारा स्वीकृत C.A. Stores को रद्द किया गया है; यदि हां, तो रद्द किए गए C.A. Stores कहां-कहां पर स्थापित किए जाने थे; ब्यौरा नाम व अनुमानित लागत तथा रद्द करने के कारण सहित दें;

(ख) यह भी सत्य है कि एपिडा (APEDA) द्वारा रद्द किए गए C.A. Stores का M.O.U.भी हस्ताक्षरित हो चुका था; यदि हां, तो M.O.U. पर कब हस्ताक्षर हुए; ब्यौरा दें; और

(ग) एपिडा (APEDA) द्वारा रद्द किए गए C.A. Stores के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार से प्रदेश के हिस्से की Bank Guarantee की कितनी राशि मांगी गई और यह राशि प्रदेश सरकार ने कब एपिडा (APEDA) के पास जमा करवाई; ब्यौरा जमा की गई राशि का तिथिवार दें?

सामाजिक सुरक्षा पेंशन

1606 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत चार वर्षों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कल्याण विभाग के माध्यम से कितनी अपंग, वृद्ध, विधवा व एकल नारी पेंशन लगाई गई; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

आर्थिक सहायता

1607 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार द्वारा किसी व्यक्ति की दुर्घटनावश मृत्यु होने पर कितनी आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है;

(ख) गत चार वर्षों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने व्यक्तियों की दुर्घटना में मौत हुई और कितनी आर्थिक सहायता प्रदान की गई; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ग) इसकी क्या औपचारिकताएं एवं नियम हैं; प्रति सभा पटल पर रखें?

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन

1608 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) मनाली में क्या Solid waste management unit स्थापित है;

(ख) यदि हां, तो यह कब स्थापित किया गया और इसकी कितनी क्षमता है;

(ग) वर्तमान में यह संयन्त्र क्या मनाली और आस-पास की पंचायतों के लिए पर्याप्त है; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार इसकी क्षमता बढ़ाने या संयन्त्र को किसी और जगह बदलने का विचार रखती है?

पेड़ों का कटान

1609 **श्री हंस राज(चुराह) ः**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्ष 2014 से 2016 तक चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न जंगलों में कितने पेड़ काटे गए; ब्यौरा दें;

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अतंर्गत काटी गई लकड़ी की आपूर्ति क्या पांगी को की जाती है; ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि में इस निर्वाचन क्षेत्र में कितने नए पेड़ लगाए गए; ब्यौरा पंचायतवार दें ?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**

दिनांकः 21 फरवरी , 2017. **सचिव।**